# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

**सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई के छठवीं कक्षा में सत्र 2021–22 के लिए नामांकन हेतु बिहार बोर्ड द्वारा आज जारी किया गया Schedule; जिसके अनुसार ऑनालइन आवेदन करने के लिए तिथि दिनांक 25.09.2020 से 05.10.2020 तक निर्धारित**

- बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आज सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई (अंग्रेजी माध्यम) के सत्र 2021–22 के लिए छठवीं कक्षा में नामांकन के संबंध में Schedule जारी किया गया।
- इस संबंध में श्री आनन्द किशोर, अध्यक्ष, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बताया कि सिमुलतला आवासीय विद्यालय के छठवीं कक्षा में नामांकन के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म एवं परीक्षा शुल्क दिनांक 25.09.2020 से 05.10.2020 तक भरा जायेगा, जिसके लिए वेबसाइट www.biharboard.online है।
- सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई के छठवीं कक्षा में छात्र–छात्राओं के लिए 60–60 सीटें निर्धारित हैं।

<u>सिमुलतला आवासीय विद्यालय के छठवीं कक्षा में नामांकन हेतु पात्रता–</u>

1. आवेदक की आयु 1 अप्रैल, 2021 को न्यूनतम 10 वर्ष तथा अधिकतम 12 वर्ष होनी चाहिए।
2. आवेदक बिहार राज्य के मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा पाँचवीं में अध्ययनरत हो।

<u>परीक्षा शुल्क –</u>

1. अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के लिए– 200/– (दो सौ) रु०।
2. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए– 50/– (पचास) रु० निर्धारित है।

<u>ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया–</u>

- समिति की वेबसाइट www.biharboard.online पर Apply for Simultala Awasiya Vidyalaya Entrance Examination, 2021 लिंक पर क्लिक करने के बाद जिला का नाम, प्रखण्ड का नाम एवं मोबाईल नम्बर अंकित करना होगा, जिसके उपरांत परीक्षा आवेदन पत्र खुलेगा। इस पेज पर अभ्यर्थी या उनके अभिभावक अभ्यर्थी का फॉर्म भरेंगे। भरे गये परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी अभ्यर्थी/उनके अभिभावक निकालकर उस पर संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य से अग्रसारित कराकर सुरक्षित रख लेंगे। अभ्यर्थी नामांकन हेतु चयन होने पर अग्रसारित आवेदन पत्र को संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी से अग्रसारित करा

कर नामांकन के समय प्राचार्य, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला को अनिवार्य रूप से देंगे।

**भरे गये परीक्षा फॉर्म में किसी प्रकार की त्रुटि का सुधार परीक्षा फार्म भरने की तिथि तक –**

- ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म समिति के वेबसाईट पर अपलोड करने के बाद अभ्यर्थी के मोबाईल पर पासवर्ड जायेगा और अभ्यर्थी का मोबाईल नम्बर यूजर आई०डी० होगा। यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को अभ्यर्थी/अभिभावक भविष्य के लिए सुरक्षित रख लेंगे एवं इसकी गोपनीयता बनाए रखेंगे। इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से अभ्यर्थी या उनके अभिभावक भरे गए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म में किसी भी प्रकार की त्रुटि में सुधार ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि तक वेबसाईट www.biharboard.online पर जाकर कर सकेंगे। परीक्षा के लिए निर्धारित शुल्क की राशि Debit Card/Credit Card/Net Banking के माध्यम से भुगतान किया जायेगा।

**नामांकन हेतु चयन प्रक्रिया –**

1. सिमुलतला आवासीय विद्यालय के छठवीं कक्षा में नामांकन हेतु परीक्षा दो चरणों में आयोजित किया जायेगा– प्रारंभिक प्रवेश परीक्षा एवं मुख्य प्रवेश परीक्षा। उसके बाद मुख्य प्रवेश परीक्षा के लिए मेधा सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सा बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना पड़ेगा, जिसमें सफल होने के बाद ही प्रवेश की स्वीकृति मिलेगी।
2. परीक्षा के दो चरण निम्नवत् हैं –

   **(i) प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा–** यह परीक्षा पूर्णतः बहुवैकल्पिक Objective प्रश्नों पर आधारित होगी। कुल 150 अंकों की परीक्षा होगी एवं प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। परीक्षा की अवधि 2 घंटे 30 मिनट की होगी। प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी ही मुख्य प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

   **(ii) मुख्य प्रवेश परीक्षा–** मुख्य प्रवेश परीक्षा के प्रथम पाली में 150 अंकों में 100 अंक गणित खण्ड से दीर्घ उत्तरीय (Long Answer Questions) पूछे जाएंगे तथा 50 अंकों की बौद्धिक क्षमता खण्ड Objective प्रकार का होगा। परीक्षा की अवधि 02 घण्टे 30 मिनट की होगी।

   द्वितीय पाली के 150 अंकों के प्रश्न–पत्र में हिन्दी 40 अंक, अंग्रेजी 40 अंक, विज्ञान 40 अंक एवं सामाजिक विज्ञान खंड के 30 अंकों की परीक्षा Objective होंगे। परीक्षा की अवधि 02 घण्टे 30 मिनट की होगी।

3. प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा एवं मुख्य प्रवेश परीक्षा के लिए विषय एवं अंकों का निर्धारण निम्नवत् है :–

| प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा | | | | मुख्य प्रवेश परीक्षा | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | विषय | अंक | पत्र | क्र.सं. | विषय | अंक | कुल अंक |
| 01 | हिन्दी | 30 | पेपर–I | 01 | गणित | 100 | 150 |
| 02 | विज्ञान | 25 | | 02 | बौद्धिक क्षमता | 50 | |
| 03 | सामाजिक विज्ञान | 25 | पेपर–II | 01 | हिन्दी | 40 | 150 |
| 04 | गणित | 40 | | 02 | अंग्रेजी | 40 | |
| 05 | अंग्रेजी | 30 | | 03 | विज्ञान | 40 | |
| | | | | 04 | सामाजिक विज्ञान | 30 | |
| | कुल अंक | 150 | | | | कुल अंक | 300 |

4. परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों का स्तर बिहार सरकार द्वारा पाँचवी कक्षा के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम पर आधारित होगा।

<u>प्रारम्भिक परीक्षा का आयोजन –</u>

1. प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालयों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 17.12.2020 है। मुख्य प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 31.01.2021 है। मुख्य प्रवेश परीक्षा पटना जिला मुख्यालय के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित किया जाएगा। उक्त तिथियों में आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जा सकता है।
2. प्रारम्भिक परीक्षा में Score के आधार पर मुख्य प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए कोटिवार/छात्र–छात्रावार रिक्तियों की संख्या के 10 गुणा अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

- इस परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए हेल्पलाईन नम्बर–0612–2232074, 2232257 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
- परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त आवेदन से संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि में सुधार हेतु दावा मान्य नहीं होगा।